# रायपुर में हाथियों की करंट लगने से मौत

## चर्चा में क्यों?

**छत्तीसगढ़** उच्च न्यायालय ने रायगढ़ ज़िले में तीन हाथियों की करंट लगने से हुई मौत के मामले में लापरवाही के लिये **राज्य के ऊर्जा विभाग के अधिकारियों** को चेतावनी दी है।

## मुख्य बिंदु

- **न्यायालय का निर्णय:**
  - खंडपीठ ने ऊर्जा विभाग को घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए शपथ-पत्र प्रस्तुत करने का आदेश दिया। अधिकारियों को रायगढ़ के **घरघोड़ा वन रेंज में हाथियों की मृत्यु से संबंधित परिस्थितियों का विवरण देने** और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिये निवारक उपायों की योजना बनाने के लिये निर्देशित किया गया।
  - प्रारंभिक जाँचा द्वारा स्पष्ट होता है कि **वन विभाग के कर्मचारियों ने स्थानीय विद्युत विभाग को खतरनाक रूप से कम ऊँचाई वाली 11 kV ट्रांसमिशन लाइन** के बारे में बार-बार चेतावनी दी थी।
  - हालाँकि, इस समस्या के समाधान के लिये कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके परिणामस्वरूप अंततः हाथियों की मौत हो गई।
- **वन्यजीव सुरक्षा पर ज़ोर:**
  - मामले को स्वतः संज्ञान में लेते हुए, न्यायालय ने वन्यजीव सुरक्षा और संरक्षण **के महत्त्व पर ज़ोर दिया** तथा वन्यजीवों के निवास वाले क्षेत्रों में ज़िम्मेदार प्रबंधन की आवश्यकता को रेखांकित किया।
- **छत्तीसगढ़ में हाथियों की मौत:**
  - राज्य वन विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ में **पिछले छह वर्षों में विभिन्न कारणों से 70 से अधिक हाथियों की मौत हुई है**, जिनमें से वर्ष 2024 में 13 की मौत करंट लगने के कारण हुई है।

# हाथी

## हाथी की 4 मुख्य प्रजातियाँ

| प्रजातियाँ | जहाँ पाई जाती हैं | IUCN रेड लिस्ट में दर्ज स्थिति | अधिवास |
|---|---|---|---|
| भारतीय | एशिया | संकटग्रस्त ( CITES - परिशिष्ट I, WPA - अनुसूची I ) | उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्ण शुष्क एवं नम पृथुपर्णी ( चौड़े पत्तेदार ) वन, घास के मैदान |
| सुमात्राई | एशिया | गंभीर संकटग्रस्त | उष्णकटिबंधीय नम पृथुपर्णी ( चौड़े पत्तेदार ) वन |
| सवाना ( बुश ) | अफ्रीका | संकटग्रस्त | मध्य अफ्रीका के घने उष्णकटिबंधीय वनों को छोड़कर पूरे उप-सहारा अफ्रीका में |
| अफ्रीकी वन्य हाथी | अफ्रीका | गंभीर संकटग्रस्त | घने उष्णकटिबंधीय वन |

## भारतीय हाथी *(Elephas maximus)*

एशियाई महाद्वीप पर सबसे बड़ा स्तनपायी जीव
भारत का राष्ट्रीय धरोहर पशु

- हाथियों की अधिकतम आबादी वाले शीर्ष 5 भारतीय राज्य:
  ( हाथी जनगणना 2017 के अनुसार )
  - कर्नाटक> असम> केरल> तमिलनाडु> ओडिशा
- सामाजिक संरचना:
  - नर की तुलना में मादा हाथी अधिक सामाजिक होती हैं; जो कि झुंड में ( आमतौर पर 5-7 ) रहती हैं
    - जिसका नेतृत्त्व सबसे बुजुर्ग मादा हाथी करती है
  - नर आमतौर पर अकेले रहते हैं

- प्रमुख खतरे:
  - घटते आवास
  - मानव-हाथी संघर्ष
  - हाथीदांत के लिये अवैध शिकार
  - पालन में दुर्व्यवहार
- संरक्षण के प्रयास:
  - गज सूचना ऐप ( 2022 )
  - गज यात्रा ( 2017 )
  - हाथी मेरे साथी अभियान ( 2011 )
  - राष्ट्रीय हाथी गलियारा परियोजना ( 2005 )
  - हाथियों की अवैध हत्या की निगरानी ( माइक ) कार्यक्रम ( 2003 )
  - प्रोजेक्ट एलिफेंट ( 1992 )

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/elephants-electrocuted-in-raipur